बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.............................

पटना
दिनांक 27-9-2000

प्रेस विज्ञप्ति

आज बिहार प्रशासनिक सेवा के बेमियादी हड़ताल का 33वाँ दिन है । हड़ताल की समीक्षा संघ के अध्यक्ष श्री वजीन्द्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में की गई एवं सभी जिला से प्राप्त सूचनानुसार हड़ताल शत-प्रतिशत सफल है एवं सदस्यों ने अब दूने उत्साह से हड़ताल को तार्किक अन्त तक पहुँचाने का संकल्प ले लिया है ।

आज की बैठक में हिन्दुस्तान टाइम्स के "पटना टाइम्स" अंक दिनांक 26. 9. 2000 को "टॉल प्रोमीसेज, शोर्ट चेन्ज्ड स्टाफ" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित सरकार के माननीय एक वरिष्ठ मंत्री एवं मंत्रीमंडलीय आर्थिक उप समिति के सदस्य श्री शंकर प्रसाद टेकरीवाल के प० बंगाल एवं उत्तर प्रदेश में राज्य असैनिक सेवा के सदस्यों की संख्या एवं प्रारंभिक पद पर पदस्थापन संबंधी बयान को नितान्त हास्यास्पद बताते हुए उनसे अनुरोध किया कि अपने फिटमेन्ट कमिटी के तृतीय खण्ड प्रतिवेदन का अवलोकन तो कर लें । उसी के अनुसार पश्चिम बंगाल जिसका क्षेत्रफल एवं आकार नहीं कुछ तो बिहार का एक तिहाई है, का कुल संवर्गीय संख्या 1787 है । तथा वहाँ भी प्रखंड स्तर से ही पदाधिकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित होते हैं ।

उत्तर प्रदेश में उप समाहर्ता की कुल संवर्गीय संख्या 1512 है । वहाँ उच्चतर वेतनमान में कुछ पद बाद में बढ़े हैं घटे नहीं हैं । फिर माननीय मंत्री जी उनकी संख्या 600 (छः सौ) कैसे बताते हैं जबकि 16. 9. 2000 की वार्ता में भी इन्हें संख्या बल का खुलासा कर दिया गया था । इतनी जल्दी इसे भूल कैसे गये ? शायद यह उम्र का तकाजा अगर नहीं भी हो अपने भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें गुमराह करने एवं उनके किये गये गलतियों पर पर्दा जरूर है ।

देश के अन्य बड़े-छोटे राज्यों में जहाँ की आर्थिक स्थिति बिहार से अच्छी नहीं है, में उप समाहर्ता एवं अन्य सेवा के पदाधिकारियों, जिसका वेतनमान 2200-4000 था, का प्रतिस्थानी वेतनमान 8000-13500 स्वीकृत किया गया है । अन्य राज्यों में भी भा०प्र०सेवा के पदाधिकारी ही नियामक हैं जिन्होंने बेसिक ग्रेड के वर्ग-II के पदाधिकारी को 8000 से 13500 का वेतनमान देने में कोई एतराज नहीं किया फिर बिहार के भा०प्र०से० के पदा० को यह एतराज क्यों ? आर्थिक बोझ भी

कृ०पृ०उ०---2

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक..............................

लगभग 37 (सैंतीस) लाख प्रतिवर्ष से अधिक नहीं है । सरकार भी कहती है कि यह कोई समस्या नहीं है । आवश्यकता है संवर्गीय विद्वेष को त्याग कर खुली आँख एवं साफ दिमाग से विचार करने का । हिन्दुस्तान टाइम्स के इसी अंक में "योर भ्योआइस" में सेवा निवृत वरीय भा०प्र०से० के पदाधिकारी श्री आई०सी० कुमार के मन्तव्य पर सरकार एवं उसके वरी पदाधिकारियों को ध्यान देकर अमल में लाना चाहिए एवं बि०प्र०से० के पदाधिकारियों के बेमियादी हड़ताल को अपने हठधर्मिता त्याग कर समाप्त कराना चाहिए । राज्य की वर्तमान स्थिति में इसकी आवश्यकता है जिसे भले ही मुँह से सरकार एवं उनके आला अधिका नहीं बोलें परन्तु हृदय से इस कटु सत्य को स्वीकार करते ही है कि बासा के हड़ताल से राज्य सरकार कोलेप्स कर गई है । अन्य प्रशासनिक कार्य के अलावा सबसे अधिक प्रभाव विका एवं बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में सहायता कार्य पर पड़ रहा है ।

संघ के सभी सदस्यों से अपनी चट्टानी एकता बनाये रखते हुए अपने स्वीकृत समझौ के सभी बिन्दुओं के अनुपालन होने तक हड़ताल पर बने रहने का दैनिक समाचार पत्रों में सूचना के माध्यम से भी किया गया है । अपनी अस्मिता की रक्षा हेतु किसी भी तरह के अफवाह एवं शरारती तत्वों द्वारा गुमराह न हों ।

गंगाधर 27.9.2000   27/9/2000

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव

(वजीन्द्र नारायण सिंह)
अध्यक्ष

ज्ञापांक-183   दिनांक- 27. 9. 2000

प्रतिलिपि- निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन/ब्यूरो प्रमुख पी०टी०आई०/यू०एन०आई०/एक्सप्रेस मिडिया सर्विस/समाचार सम्पादक, सभी हिन्दी/अंग्रेजी दैनिक को प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित ।

गंगाधर 27.9.2000

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव